# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

08/02/20

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Hindustan, Lohardaga (JKD)**

संवेदनशील इलाकों में मार्च के जरिए रैफ ने कही मैपिंग, वाहनों की जांच के काम में तेजी, एसआईटी का छापामारी अभियान

# लोहरदगा में शांति, रैफ ने किया फ्लैग मार्च

लोहरदगा | संवाददाता

रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के द्वारा सात फरवरी को उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में लोहरदगा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

सात फरवरी को शांति और आदर के रास्ते पर चलने का भी लोगों ने संकल्प लिया। लोहरदगा की तरक्की के लिए सौहार्द की नई इबारत लिखने की बात कही जा रही है। लोग तेजी से अमन-चैन की जीवन जीने को लेकर पहल करना शुरू कर दिए हैं। कहते हैं, कि शांति के रास्ते पर चलकर ही हम मानवता के लिए मिलजुल कर काम करेंगे। इसमें ही सबकी भलाई है।

सबका विकास है। सब पर भरोसा कायम होगा। यही इस लोहरदगा नगर की आबोहवा है, इसके झंकि में शांति हैं। भाईचारा है। मिलजुल कर रहने की असीम शक्ति भी।

एसआईटी की छापामारी बादस्तूर जारी है। जिनको पूछताछ के लिए पुलिस बुला रही है, वैसे कई लोग अब भी फरार हैं। उनके घरों में दबिश बनाई

**खास बातें**

- ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी की जा रही है
- बाजारों की बढ़ी रौनक, देर रात दुकानें खुली रहीं
- बिना अनुमति न तो कोई सभा होगी और न जुलूस निकालेगा

जा रही है। जिले में छह फरवरी से कर्फ्यू हट गया है। सामान्य जीवन में रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। लोहरदगा नगर पर्षद में धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान आम नागरिक बड़ी संख्या में बाजारों से अपने सामान खरीदते नजर आ रहे हैं।

बाजारों की रौनक वापस आने लगी है। देर रात दुकानें खुली रहीं। शहर के आम नागरिक अपने जरूरी काम को निपटाने के लिए सड़कों पर नजर आ रहे हैं। सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों की गतिविधियां भी सामान्य हो चुकी हैं। स्कूल और कॉलेज में छात्रों की संख्या बढ़ने लगी है। शहर में लम्बी दूरी वाले बसों का आवागमन सामान्य हो गया है।



रैपिड एक्शन फोर्स ने लोहरदगा शहर के बाहरी इलाकों में फ्लैग मार्च किया।



लोहरदगा में रैफ की सक्रियता से शांति स्थापना में मिली मदद।

पुलिस प्रशासन और आरएएफ के अथक प्रयास और आम लोगों के सहयोग से जनजीवन सामान्य हो पाया है। लगातार समीक्षा बैठक के साथ शांति समिति की बैठक के माध्यम से हालत को सामान्य बनाया जा रहा है।

पुलिस प्रशासन और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान बड़ी संख्या में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल मार्च कर रहे हैं। ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी की जा रही है।

फ्लैग मार्च में डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, डीएसपी अमित और हुसैन, अमरकांत कुमार सहित पुलिस अधिकारियों ने सभी वर्ग के लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील की।

लोहरदगा थाना से मार्च शुरू होकर अमला टोली कुरैशी मुहल्ला, पावरगंज सुभाष चौक, न्यु रोड अंजुमन मुहल्ला, अंबेडकर नगर, तैगी नगर, बरवाटोली चौक, थाना चौक बडी मस्जिद, अजय उद्यान, पतराटोली होते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गों, गलियों और बाजारों से गुजरा।

रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य बलों की टुकड़ियों के द्वारा किये जा रहे फ्लैग मार्च व गश्त से शहर के सभी इलाकों में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम है। नागरिकों का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास कायम हुआ है।

अराजक तत्वों में भय का माहौल है। शुक्रवार को साप्ताहिक हाटों में भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। इसमें महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय थी।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि अराजक तत्व सचेत हो जाएं। शहर में धारा 144 लागू है। किसी स्थल पर चार या चार से अधिक लोग एक साथ एकत्रित नहीं हों।

कोई भी व्यक्ति पूर्व अनुमति के बिना न तो कोई सभा करेगा न, जुलूस निकालेगा। कोई भी अफवाह न फैलाएं। सोशल मीडिया व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर किसी प्रकार की सांप्रदायिक, जातीय व धार्मिक व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट शेयर या फॉरवर्ड न करें।

## Dainik Bhaskar, Lohardaga (JKD)

राहत • उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए नियमित जांच में जुटी है एसआईटी की टीम, बढ़ी ठंड के बीच अलाव के ताप के साथ ड्यूटी पर तैनात हैं जवान

# 13 दिन बाद हटा कर्फ्यू, फिलहाल धारा 144 लागू रहेगी

भास्कर न्यूज़|लोहरदगा

सीएए के समर्थन में निकले शांति मार्च पर पथराव के बाद से बिगड़े हालात के बाद 23 जनवरी से लगातार जारी रहे कर्फ्यू को 13वें हटा लिया गया। हालांकि पूर्व में कर्फ्यू के बीच हालात को सामान्य करने के लिए मिली ढील के साथ शांति व्यवस्था बनी है। अब वर्तमान स्थिति के समीक्षा के बाद वरीय अधिकारियों द्वारा लिए गए निर्णय के साथ ही गुरुवार सुबह 5 बजे से आदेश के बाद कर्फ्यू सभी क्षेत्रों से हटा लिया गया है परंतु निषेधाज्ञा लागू है। प्रशासन का कहना है कि अगले आदेश तक धारा 144 लागू रहेगी।



कर्फ्यू हटने के बाद निषेधाज्ञा के बीच सड़कों पर आम दिनों की तरह रहा वाहनों का आवागमन।



144 निषेधाज्ञा के बीच सुभाष चौक में सुरक्षा व्यवस्था को तैनात रैफ के जवान।

ऐसे में व्यवसायिक कारोबार धीरे धीरे तेजी पकड़ने लगा है। सड़कों पर वाहनों का आवागमन सामान्य दिनों की तरह जारी रहा। हालांकि अब भी लोगों में कर्फ्यू का भय है। शाम होने के साथ ही सभी अपने कार्यों से लौट कर घरों को चले गए। इस बीच स्पेशल ड्यूटी में तैनात जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था में अपनी हाजरी देने का कार्य जारी रहा। शाम होते हुए रैफ की साइलेंस वाली गाड़ियां सड़कों पर मूव करती रही। कर्फ्यू हटने के साथ एक बार फिर बढ़ी ठंड के बीच सुरक्षा में तैनात जवानों का टुकड़ी अलग अलग जगहों पर अलाव तापते दिखा। इस क्रम में सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से लोगों ने सुरक्षा में तैनात जवानों को क्षमता अनुरूप सहयोग करने की अपील भी की।

इधर उपद्रवियों के धरपकड़ को लेकर निरंतर कार्रवाई में एसआईटी की टीम जुटी रही। रैफ के जवान अधिकारियों की अगुवाई में चप्पे चप्पे पर बंदूक की नोंक पर हर एक लोगों पर नजर रखी गई। शाम होते ही चौक चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने व सुरक्षा को लेकर चर्चा करने उपायुक्त आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार निकले। इस दौरान रैफ, जिला पुलिस बल व अन्य जगहों से पहुंची जवानों की टीम अपने अपने ड्यूटी में जुटे रहे। रैपिड एक्शन फोर्स, अर्ध सैनिक बल, आईआरबी के जवानों बलों के द्वारा रखे जा रहे सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति व्यवस्था कायम रही।

## जिला प्रशासन ने कहा- इन शर्तों के साथ लागू रहेगी निषेधाज्ञा

प्रशासन द्वारा जारी निर्देश के बाद बताया कि आगे धारा 144 निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिस दौरान रखे गए शर्तों में किसी भी स्थल पर चार या चार से अधिक लोग एकत्रित नही होंने, कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति के न तो कोई सभा करने न जुलूस निकलने, कोई भी व्यक्ति जातीय, धार्मिक एवं भाषायी समुदाय के बीच मतभेद बढाने वाला कार्य नहीं करने, अफवाह नहीं फैलाने, शांति व्यवस्था को भंग करने वाले संदेशों का आदान प्रदान नहीं करने, उत्तेजक भाषण का सम्प्रेषण नहीं करने, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग नहीं करने, किसी प्रकार का अस्त्र शस्त्र आदि विस्फोटक पदार्थ लेकर नहीं चलने, सोशल मीडिया /व्हाट्स एप ग्रुप पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी का प्रसारण नहीं करने, सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थल, सड़क या मकान के छत पर ईंट पत्थर का ढेर, कांच, बोतल आदि एकत्रित नहीं करने की बात कही गई है।

### कब-कब कर्फ्यू में मिली ढील

हालात बिगड़ने के बाद 24, 25, 26 और 28 जनवरी को कर्फ्यू में ढील नहीं दी गई थी। 27 जनवरी को दो घंटे, 29 जनवरी को दो-दो घंटे की दो पाली में ढील, 30 जनवरी को तीन-तीन घंटे की दो पाली में ढील, 31 जनवरी को साढ़े तीन-साढ़े तीन घंटे की दो पाली में ढील, 01 फरवरी को दो पालियों में सात घंटे की ढील, 02, 03, 04 फरवरी को सुबह छह से शाम छह बजे तक 12 घंटे की ढील और 5 फरवरी को सुबह 5 बजे से शाम 8 बजे तक 15 घंटे की ढील दी गई।

**Divya Bhasker, Rajkot (GUJRAT )**

# રેપિડ એક્શન ફોર્સની ફ્લેગ માર્ચ | તોફાની ટોળાંને કાબૂમાં લેવાની તાલીમ



તોફાન ફાટી નીકળે ત્યારે ટોળાંને કેવી રીતે કાબૂમાં લેવો અને વિસ્તારને કેવી રીતે કોર્ડન કરવો સહિતની તાલીમ માટે રેપિડ એક્શન ફોર્સની પ્લાટુને રાજકોટમાં અભ્યાસ કર્યો હતો. રેપિડ એક્શન ફોર્સ વસ્ત્રાલ અમદાવાદની એક પ્લાટુન સહાયક કમાન્ડન્ટ રામાનંદપ્રસાદની આગેવાનીમાં રાજકોટ આવી પહોંચી હતી. શહેરમાં તા.10 સુધી રોકાનારી આ પ્લાટુને બુધવારે શહેરના એ.ડિવિઝન પોલીસ સ્ટેશનના સંવેદનશીલ અને અતિસંવેદનશીલ વિસ્તારોમાં ફ્લેગ માર્ચ કરી હતી.

**A/100 BN RAF FAMEX BY UNDER PS GANDHIGRAM DISTT. RAJKOT GUJRAT**

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF








सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।